सुबह से सैकड़ों किसान खाद के लिए लाइन में लगे

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 18 अगस्त। मार्केटिंग सोसायटी के खाद्य वितरण केंद्र पर खाद के लिए सोमवार को सैकड़ों किसान प्रात: 6:00 बजे से ही आना प्रारंभ हो

सात सैकड़ा किसानों के आधार कार्ड किए गए जमा

गए। पुलिस व्यवस्था नहीं होने से 9:00 तक किसानों के आधार कार्ड भी जमा नहीं हो सके, लिहाजा एसडीएम शुभम शर्मा के हस्तक्षेप के बाद पुलिस व्यवस्था उपलब्ध हो पाई, तब कहीं जाकर किसानों के आधार कार्ड जमा कराये गये।

18 अगस्त को पुरानी तहसील प्रांगण में मार्केटिंग सोसायटी के खाद्य वितरण केंद्र पर सैकड़ों किसान प्रात: 6:00 बजे से ही आ पहुंचे। 8:00 बजे तक भीड़ बढ़ती गई, लेकिन आधार कार्ड जमा करने के लिए पुलिस व्यवस्था नहीं थी। चर्चाएं यह हो रही थीं कि आधार कार्ड जमा करने वाले पुलिस कर्मचारियों को हटा दिया गया है। इसी बीच यहां खाद लेने आए किसान आंदोलन चक्काजाम की तैयारी करने लगे, जिसकी सूचना एसडीएम शुभम शर्मा को दी गई। शुभम शर्मा ने तत्काल खाद वितरण केंद्र के कर्मचारियों से पूरी जानकारी लेकर खाद वितरण केंद्र पर पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराई, तब कहीं जाकर प्रधान आरक्षक राकेश शर्मा मौके पर पहुंचे तथा किसानों के आधार कार्ड जमा करवाना प्रारंभ किया। लगभग 7 सैकड़ा किसानों के आधार कार्ड जमा कराये गये, लेकिन दोपहर में सर्वर डाउन होने से खाद के कूपन किसानों को जारी नहीं हो सके। अब यदि सर्वर ठीक रहे तो मंगलवार को जिन किसानों के आधार कार्ड जमा हैं उन किसानों को प्राथमिकता के आधार पर यूरिया डीएपी एसपी खाद के कूपन नियम अनुसार खाद की उपलब्ध मात्रा के हिसाब से वितरित किए जाएंगे।

इनका कहना है...

एसडीएम शुभम शर्मा का कहना है कि खाद वितरण केंद्र पर किसानों के एकत्रित होने की जानकारी मिली। तत्काल पुलिस व्यवस्था कराई गई, किसानों के आधार कार्ड भी जमा कराए गए हैं। मंगलवार को सर्वर उपलब्ध होने पर उन्हें खाद की कूपन प्रदाय किए जाएंगे।

राधाकृष्ण मंदिर में भक्तों की श्रद्धा देखने लायक

नवभारत न्यूज

मुरैना/पोरसा, 18 अगस्त। नगर के धनेटा रोड पर स्थित राधाकृष्ण मंदिर जो चमत्कारी मूर्तियों के द्वारा 1 वर्ष पूर्व प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। यह मंदिर धनेटा रोड पर स्थित होने के कारण इसकी भव्यता और बढ़ जाती है। मंदिर में राधाकृष्ण एवं शंकर जी का पूरा परिवार तथा हनुमान जी की मूर्तियां विराजमान हैं।

श्रद्धालुओं ने भवन निर्माण करने में पूरी क्षमता के अनुसार मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर प्रांगण में पहुंचे ने पर ऐसा एहसास होता है कि हम वृंदावन में हैं। मंदिर के पुजारी विष्णु दास बड़े प्रेम भाव से पूजा अर्चना करते हुए देखे गए हैं जब उनसे प्रतिनिधि ने बात की तो पुजारी

विष्णु दत्त ने बताया और कहा कि मंदिर की साफ-सफाई एवं पूजा अर्चना में स्वयं धर्मप्रेमी बंधुओ के साथ मिलकर करता हूं। धनेटा रोड वासियों का अपार प्रेम मुझे मिलता है, जिसमें प्रमुख रूप से भूप सिंह तोमर, राजेंद्र सिंह तोमर, मकरंद सिंह तोमर, मायाराम शर्मा, बाबू सिंह, हरि सिंह तोमर के अलावा समस्त धनेटा रोड वासियों की अपार श्रद्धा है।

डकैती प्रकरण में पुलिस पहुंची अपराधियों के करीब

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 18 अगस्त। जौरा थाना अंतर्गत 01 एवं 02 जुलाई की रात में अलापुर सरपंच श्रीमती मंजू-राजकुमार यादव के यहां लगभग डेढ़ करोड़ की डकैती को डेढ़ माह से अधिक हो चुका है। पुलिस कप्तान के नेतृत्व में जिले भर की पुलिस टीम डकैती को बरामद करने के लिए लगी हुई हैं।

चर्चाओं पर यदि यकीन किया जाए तो पुलिस टीम डकैती डालने वाले बदमाशों के आसपास पहुंच चुकी है और कभी भी डकैती डालने वाले बदमाश पुलिस गिरफ्त में आ सकते हैं। ग्राम पंचायत अलापुर के सरपंच पति भाजपा नेता राजकुमार यादव के घर 01 एवं 02 जुलाई की रात को हथियारधारी बदमाशों ने लगभग सवा करोड़ से लेकर डेढ़ करोड़ तक डकैती की वारदात की थी। बड़ी वारदात को लेकर पुलिस अधिकारी भी हैरान परेशान थे। प्रदेश के पुलिस मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा भी डकैती को बरामद करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। जिस पर से पुलिस कप्तान समीर सौरव के नेतृत्व में जिलेवार के दर्जन घर से अधिक थानों के एसडीओ पीटी सहित अन्य पुलिसकर्मी लगातार लगे रहे, दो सैकड़ा से अधिक संबंधित लोगों को भी उठाया, पूछताछ भी की। उठाए गए लोगों से जैसे-जैसे बदमाशों के बारे में जानकारियां मिलती गई पुलिस टीम इस हिसाब से भागदौड़ करती रही। लगातार भागदौड़ करते-करते पुलिस टीम को कई महत्वपूर्ण सुराग भी हाथ लगे। उन सुरागों के जरिए पुलिस टीम का मनोबल बढ़ता गया। धीरे-धीरे बदमाशों की पहचान भी होने लगी। चर्चा तो यह भी सुनने को मिली है कि डकैती में बाहरी बदमाशों की महत्वपूर्ण भूमिका है। रेकी यहां के बदमाशों ने की है। वारदात को अंजाम बाहर के बदमाशों ने दिया है, वहीं दूसरी तरफ डेढ़ माह से अधिक बीत जाने के बाद भी डकैती डालने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला, तब भाजपा नेता राजकुमार यादव ने समाज के लोगों के साथ जाकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी मुलाकात की।

सीईओ जिला पंचायत ने टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अगस्त। कलेक्ट्रेट सभागार, मुरैना में सोमवार को टीएल बैठक का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव की

अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत, संयुक्त कलेक्टर, सभी एसडीएम, सीएमओ, जनपद पंचायतों के सीईओ सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में श्री भार्गव ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया



कि जुलाई माह में प्राप्त शिकायतों का कम से कम 85 प्रतिशत तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों का न्यूनतम 25 प्रतिशत संतोषजनक निराकरण आगामी 20 अगस्त तक हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद पंचायत अम्बाह के सीईओ बिना पूर्व सूचना के बैठक से अनुपस्थित रहे। इस लापरवाही पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत द्वारा दिए गए। इसके अतिरिक्त, जब विभागवार टीएल प्रकरणों की समीक्षा की जा रही थी, उस समय जिला शिक्षा अधिकारी की अनुपस्थिति के कारण शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा संभव नहीं हो सकी। इस पर सीईओ जिला पंचायत द्वारा संबंधित प्रभारी अधिकारी, सीएम हेल्पलाइन को निर्देशित किया गया कि स्पष्टीकरण हेतु पत्र जारी करें।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि शनिदेव मेला का आयोजन 23 अगस्त को प्रस्तावित है।

इस संदर्भ में 19 अगस्त को शनिदेव मंदिर परिसर में कलेक्टर की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को मेले से जुड़ी समस्त तैयारियां समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने संजीवनी क्लीनिकों से संबंधित पहुंच मार्गों और अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सभी नगरपालिका सीएमओ को निर्देशित किया।इसके अतिरिक्त, जिला योजना सलाहकार समिति के गठन के संबंध में महापौर, नगरपालिका अध्यक्षों एवं जनपद अध्यक्षों के नाम शीघ्र जिला योजना कार्यालय में प्रेषित करने की जिम्मेदारी सभी सीएमओ और जनपद सीईओ को सौंपी गई है।बैठक के अंत में मानवाधिकार आयोग से प्राप्त शिकायतों के संदर्भ में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जांच प्रतिवेदन तत्काल शिकायत शाखा में प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

दो आरोपियों से देशी कट्टा व 23 जिंदा राउंड बरामद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अगस्त। पुलिस अधीक्षक मुरैना समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी एवं क्रय-विक्रय के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है।

उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) विजय सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना सिहौनियां पुलिस द्वारा 02 आरोपियों को गिरफ्तार उनके कब्जे से 315 बोर का 01 अवैध देशी कट्टा एवं 23

जिंदा राउण्ड कुल मशरूका कीमती करीबन 16,500/- रुपये का जब्त किया गया।

दिनांक 18.08.2025 को उनि. पवन सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सिहोनिया को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मानपुर तिराहे के पास बने मकान में कुछ व्यक्ति अवैध हथियार एवं राउण्ड बेचने के उद्देश्य से रखे हुए हैं, मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सिहौनियां एवं हमराह फोर्स द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर दबिश देकर 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर तलाशी ली गई, तो उनके पास से 315 बोर का 01 अवैध देशी कट्टा एवं 23 जिंदा राउण्ड (315 बोर के 02, 12 बोर के 05, एसएलआर के 10, अंग्रेजी रायफल के 06 राउण्ड) मिले, जिनके संबंध में वैध लायसेंस चाहा गया जो न होना बताया, तदोपरांत मौके से उक्त अवैध हथियार एवं राउण्ड जब्त किए गए एवं थाना वापसी पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 75 / 2025 धारा 25(1)(ए), 25(1)(बी), 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मोह को त्यागे बिना आत्मानुभूति संभव नहीं : विलोकसागर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अगस्त। नगर के आध्यात्मिक वर्षायोग 2025 के तहत श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा जैन मंदिर में चातुर्मासरत आचार्यश्री आर्जवसागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युगल मुनिराजश्री विलोकसागरजी एवं मुनिश्री विबोधसागरजी महाराज ने आचार्यश्री कुंद कुंद स्वामी द्वारा रचित ग्रंथ समयसार की वाचना में आज बताया कि मोह रूपी मदिरा शराब से भी ज्यादा नशीली होती है । शराब अथवा किसी भी अन्य व्यसन का नशा तो कुछ देर में या कुछ समय में उतर जाता है और नशा उतरते ही व्यक्ति को सच्चाई का अनुभव होने लगता है। वो व्यक्ति यथार्थ से अवगत हो जाता है । किंतु मोह रूपी मदिरा के नशे में व्यक्ति अपनी आत्मा को ही भूल जाता है । वह अपने मूल स्वरूप से भटक जाता है ।

ऐसा व्यक्ति चार गति चौरासी लाख योनियों में भ्रमण करता रहता है । मोह के वशीभूत हमारी आशक्ती बढ़ती जाती है । यह मेरा है, यह मैंने किया है, धन के प्रति, परिवार के प्रति, जमीन जायदाद के प्रति, पद के प्रति आशक्ति बढ़ती जाती है । जिस कारण जीव का संसार भ्रमण बढ़ जाता है । जिस दिन हम यह चिंतन कर लेगें कि आत्मा का कुछ नहीं हैं, आत्मा तो स्वतंत्र है, आत्मा तो अजर अमर है, शेष सभी बस्तुएं नाशवान हैं, पुदल बस्तुएँ तो नष्ट होना हैं । इनकी आशक्ती ही हमारे दुखों का कारण हैं । अत: हमें राग द्वेषों को त्यागकर आत्मा का चिंतन करना चाहिए।

मोक्ष मार्ग के लिए आशक्ति त्यागना होगी

पूज्यश्री ने कहा कि यह मोहनीय कर्म सबसे जटिल है, यह सबसे अधिक समय तक आत्मा से जुड़ जाता है। अत : हमें विषयों के प्रति, पर पदार्थ के प्रति, संसार के प्रति आशक्ति कम करते हुए मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ते रहने का प्रयास करते रहना चाहिए।जब तक हम मोह के मायाजाल में फंसे रहेंगे, तब तक इस संसार के जन्म मृत्यु के जाल से मुक्त नहीं हो सकते मोह को त्यागे बिना आत्मानुभूति हो ही नहीं सकती। मोक्ष मार्ग पर बढ़ने के लिए मोह का त्यागना ही होगा।

एक नजर में

गोठ के विद्यालय में मनी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

मुरैना, 18 अगस्त। संदीपन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोठ में कृष्ण

जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विद्यालय के बालक-बालिकाओं ने सुंदर झांकियां प्रस्तुत कीं, रंगोलिया सजाई एवं मिष्ठान वितरित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य जेपी तरेटिया द्वारा भगवान श्री कृष्णा और राधा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा राधाकृष्ण की झांकियां को सजाने में सहयोग किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की उप प्राचार्य हरिओम तिवारी, अशोक कुमार शर्मा, अतुल शर्मा, श्रीमती शिवानी तोमर, जितेंद्र कुमार शर्मा, विक्रम सिंह सिकरवार, अनिल सिंह आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

विकलांग बल ने दिया प्रभारी मंत्री वर्मा को ज्ञापन

मुरैना। गत दिवस एक दिवसीय भ्रमण पर मुरैना प्रवास पर प्रभारी मंत्री

करण सिंह वर्मा को विकलांग जनों की पेंशन में बढ़ोत्तरी के साथ ही साथ अन्य समस्याओं से संबंधित अवगत करवाते हुए विकलांग बल के उप प्रधान हेमंत सिंह कुशवाह, सक्रिय विकलांग साथी मेहरबान सिंह यादव, रामखिलाड़ी कुशवाह व चंद्रकांत शर्मा आदि मौजूद रहे। उस दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि पेंशन मिलती है क्या तुम्हें? तो बताया कि वर्तमान में 600 रुपये प्रतिमाह पेंशन मिलती है। उन्होंने मांग की कि हमें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाए।

अपेक्स लाइब्रेरी का हुआ भव्य शुभारंभ

कैलारस। पुरानी सब्जी मंडी धनीराम प्लाजा में अपेक्स लाइब्रेरी का

आज एस डी ओ पी ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। अपेक्स लाइब्रेरी के संचालक जय शर्मा एवं सभी परिवार जनों ने एसडीओपी उमेश मिश्रा का स्वागत किया। अपेक्स लाइब्रेरी संचालक जय शर्मा ने बताया कि इस अपेक्स लाइब्रेरी के अंदर सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी जो बच्चों को पढ़ने में काम आएगी इसमें इंग्लिश एवं हिंदी न्यूज़ पेपर भी उपलब्ध रहेगी बुक भी उपलब्ध रहेगी एवं जनरल नॉलेज की बुक भी उपलब्ध रहेगी एवं इसमें कंपटीशन से संबंधित भी बुक उपलब्ध रहेंगी एसडीओपी उमेश मिश्रा ने बताया ऐसी लाइब्रेरी बच्चों के पढ़ने के लिए बहुत ही अच्छी एवं उत्तम व्यवस्था हे ।

नेताजी सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि पर प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अगस्त। महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर बिस्मिल फाउंडेशन एवं मप्र शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाज के प्रबुद्धजनों ने नेताजी के राष्ट्रप्रेम, त्याग और अदम्य साहस को याद किया और उनके जीवन आदर्श से प्रेरणा लेने की बात कही।

कार्यक्रम में बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस

केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण और साहसिक नेतृत्व के प्रतीक हैं। उन्होंने आजाद हिन्द फौज की स्थापना कर अंग्रेजी सत्ता की जड़ें हिलाकर रख दीं। उनके नेतृत्व में देशभक्ति विचार, कर्म और बलिदान की प्रतीक बन गई। आज हमें उनकी विचार यात्रा को व्यवहार में अपनाकर राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता है। शिक्षकों का कर्तव्य है कि वे छात्रों में स्वाभिमान, अनुशासन और देशसेवा की भावना विकसित करें। अंत में दो मिनट का मौन रखकर नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने 'जय हिन्द' के घोष के साथ नेताजी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विनोद सिकरवार, रामबरन शर्मा, जितेंद्र सिकरवार, गिरीश शर्मा, शिवराज जालौन, राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, भारत सिकरवार, मनमोहन सिंह, रवि राजपूत, कुबेर खरे, रश्मि अग्निहोत्री, अजय राजपूत सहित सहित कई युवा शामिल रहे।

सीएम हेल्पलाइन में प्रगति असंतोषजनक

20 अधिकारियों के तीन-तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 अगस्त। गत सप्ताह यह पाया गया कि जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण में अपेक्षित तत्परता नहीं दिखाई गई,

शिकायतों के निराकरण में नहीं दिखाई तत्परता

जिसके परिणामस्वरूप जिले की प्रगति असंतोषजनक रही है। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर अंकित अस्थाना ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि ''कार्य नहीं तो वेतन नहीं''।

उक्त निर्देशों के अंतर्गत जिले के 20 अधिकारियों के तीन-तीन दिवस के वेतन काटने के आदेश जारी किए गए हैं। इन अधिकारियों में ऊर्जा विभाग के सहायक प्रबंधक संजीव कुमार श्रीवास्तव, मुरैना के तहसीलदार सीताराम वर्मा, जनपद पंचायत पोरसा के सीईओ देवेंद्र जैन, जौरा-1 की प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती आरती राजपूत, बानमौर की तहसीलदार श्रीमती वंदना यादव, जौरा नगर परिषद के सीएमओ वीरेंद्र रावत, सबलगढ़ के प्रभारी सहायक यंत्री बी.आर. यादव, अम्बाह के सीएमओ शाबिर कौशर, जौरा की तहसीलदार श्रीमती कल्पना कुशवाह, सबलगढ़ के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कमल सिंह नागौरिया, प्राचार्य हरीश कुमार तिवारी, पहाड़गढ़ की सीडीपीओ श्रीमती रश्मी धाकड़, सहायक नियंत्रक एल.सी. खंडवी, अम्बाह के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एस.के. सिंह चौहान, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गुप्ता, पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. बी.के. शर्मा, कार्यपालन यंत्री पी.एस. जाटव, कृषि विभाग के उप संचालक, जनपद पंचायत कैलारस के सीईओ रामपाल सिंह करजरे तथा नगर निगम के प्रभारी अधिकारी संजय जैन सम्मिलित हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनसुनवाई तथा सीएम हेल्पलाइन जैसी जनहितकारी योजनाओं को गंभीरता से लेना सभी अधिकारियों की प्रथम जिम्मेदारी है, और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता प्रशासनिक दृष्टि से अस्वीकार्य है।

जिला चिकित्सालय में नवजात की मृत्यु के संबंध में जांच समिति गठित

मुरैना। विगत दिवस जिला चिकित्सालय मुरैना में भर्ती प्रसूता लक्ष्मी पत्नी विकास सिकरवार निवासी गुढ़ा चम्बल मुरैना के नवजात की गर्भावस्था में मृत्यु के संबंध में खबर प्रकाशित की गई थी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया है कि जांच समिति गठित की गई है। जांच समिति में दोषी पाये जाने वाले चिकित्सों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की जाएगी।सिविल सर्जन ने बताया है कि यह कहना गलत है कि प्रसूता को अस्पताल से भगाया गया है, परिजन स्वंय अपनी मर्जी से प्रसूता को प्रायवेट नर्सिंग होम ले गये हैं।

आम सूचना

श्री पप्पू प्रजापति पुत्र श्री रामदयाल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित एम.एस. रोड से दूर, ग्राम मुरैनागाँव, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.07 (दाऊजी वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 1025/2 एवं नया सर्वे क्र. 1189/मिन-3 ग्राम मुरैनागाँव का भाग है। एवं जिसका क्षेत्रफल 594 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूखण्ड श्री राकेश, पश्चिम में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूखण्ड भूरा प्रजापति एवं दक्षिण में-भूखण्ड श्री सोनेराम प्रजापति है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री रामदयाल पुत्र श्री नत्थू प्रजापति द्वारा श्री सोनेराम एवं श्री बबलू पुत्रगण श्री रामदयाल प्रजापति को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.8571 दिनांक 05.03.2010 से विक्रय की गई। श्री बबलू प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री पप्पू प्रजापति पुत्र श्री रामदयाल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792018ए1149259 दिनांक 02.03.2019 से विक्रय की गई। श्री पप्पू प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी । तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री रामौतार सिंह पुत्र श्री बंशी के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित सबजीत का पुरा के पास, ग्राम छौंदा, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.05 (शंकर वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.169 ग्राम छौंदा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1808 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूखण्ड श्री मोतीराम हरीदास, पश्चिम में-भूखण्ड श्री इंद्रजीत, उत्तर में -रास्ता 25 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि श्री बंशी है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री धारा सिंह, श्री राजेश, श्री छविराम पुत्रगण श्री रामभरोसी, उतरा पुत्री श्री रामभरोसी पत्नी श्री परिमल द्वारा श्री हरेन्द्र सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह एवं श्री नरेन्द्र उझरिया पुत्र श्री वीरेन्द्र सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी25792024ए 11012260 दिनांक 09.08.2024 से विक्रय की गई। श्री हरेन्द्र सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री रामौतार सिंह पुत्र श्री बंशी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी27आईजीआर 17912025ए100069217 दिनांक 03.02.2025 से विक्रय की गई। श्री रामौतार सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर कैपिटल प्राइवेट लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्रीमती बंदना पत्नी श्री प्रमोद सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भवन क्र.13, स्थित ग्राम गंगापुर, तहसील व जिला ग्वालियर में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.63 में स्थित है जिसका सम्पत्ति क्र. 1003049819 है जो भूमि सर्वे क्र.574 ग्राम गंगापुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 637.5 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भूखण्ड क्र.08, पश्चिम में-रास्ता, उत्तर में-भूखण्ड क्र.11 एवं 12 एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्र. 14 है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्री संदीप कुमार अग्रवाल पुत्र श्री पी.डी. अग्रवाल, श्री रोहित अग्रवाल पुत्र श्री आर.पी. अग्रवाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा सम्पति रकवा 0.209 हैक्टेयर एरिया श्री अमरजीत सिंह चौधरी पुत्र श्री जगर सिंह चौधरी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602020 1638629 दिनांक 07.10.2020 से विक्रय की गई। श्री रोहित अग्रवाल द्वारा सम्पत्ति रकवा 0.209 हैक्टेयर एरिया श्री अमरजीत सिंह चौधरी पुत्र श्री जगर सिंह चौधरी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142602020ए1638618 दिनांक 07.10.2020 से विक्रय की गई। श्री अमरजीत सिंह चौधरी द्वारा उक्त सम्पति श्रीमती बंदना पत्नी श्री प्रमोद सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 142602021 ए1237504 दिनांक 08.03.2021 से विक्रय की गई। श्रीमती बंदना द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्री पंकज धाकड़ पुत्र श्री मुन्नालाल धाकड़ के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री पंकज धाकड़ द्वारा उक्त सम्पति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710